भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 458
गुरूवार, 6 फरवरी, 2025/17 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**महाकुंभ 2025**

**458 श्री केसरीदेवसिंह झाला:**
**श्री नरहरी अमीन:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय ने महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज में पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कोई उपाय लागू किए हैं ताकि घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों के लिए सुगम पहुंच और आरामदायक अनुभव सुनिश्चित किया जा सके;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) महाकुंभ 2025 में लाखों आगंतुकों के आने की संभावना को देखते हुए, पर्यटकों, तीर्थयात्रियों और अन्य हितधारकों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय द्वारा कौन-सी पहलें की गई हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): महाकुंभ 2025 का आयोजन प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में हो रहा है। पर्यटकों, तीर्थयात्रियों और अन्य हितधारकों की सुरक्षा, संरक्षा एवं कल्याण सहित अवसंरचना और सुविधाएं बढ़ाना राज्य सरकार का विषय है।

पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से महाकुंभ 2025 को बढ़ावा दे रहा है। मंत्रालय ने सूचना प्रदान करने एवं विदेशी पर्यटकों, मीडिया, प्रभावशाली व्यक्तियों आदि सहित पर्यटकों को जोड़ने के लिए मेला क्षेत्र में एक अतुल्य भारत मंडप की स्थापना की है। महाकुंभ के लिए नए क्रिएटिव, विभिन्न टूर पैकेजों का एक डिजिटल ब्रोशर, उड़ान विकल्प, आवास विकल्प आदि निर्मित एवं प्रसारित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, पर्यटकों के लिए एक समर्पित महाकुंभ पर्यटक इन्फोलाइन (1800111363) स्थापित की गई है।

पर्यटन मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से भी महाकुंभ का प्रचार किया जा रहा है।

पर्यटन मंत्रालय के एक पीएसयू भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) ने टेंट सिटी, प्रयागराज में 80 लक्जरी टेंट आवास तैयार किए हैं।

संस्कृति मंत्रालय ने एक सांस्कृतिक ग्राम अर्थात उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के माध्यम से मेला क्षेत्र में कलाग्राम की स्थापना की है, जिसमें अनुभूत मंडपम, कलाकारों के प्रदर्शन, खाद्य क्षेत्र, पारंपरिक भारतीय हस्तशिल्प तथा हथकरघा आदि का प्रदर्शन एवं बिक्री शामिल है।

*****